हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

11 चारा मंडी में औचक निरीक्षण के दौरान जांचा ...



12 पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी उठाने का...



खबर संक्षेप

## पात्र युवा 26 अप्रैल तक बनवा सकते हैं वोट

**लोहारू।** एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी मतदाता हैं, इसलिए अभी भी यदि किसी नागरिक का वोटर कार्ड नहीं बना है तो वे तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवा लें ताकि चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिक 26 अप्रैल 2024 तक पात्र व्यक्ति अपना वोट बनवा सकते हैं। एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि पात्र युवा संबंधित बीएलओए निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फॉर्म.6 भरकर वोट बनवा सकते हैं।

## मतदान करना हर नागरिक का कर्तव्यः प्रो. जसवंत

**तोशाम।** एसोसिएट प्रोफेसर कैप्टन जसवंत सिंह ने कहा है कि मतदान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। ऐसे में भारतीय नागरिकता का सम्मान करते हुए इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वोट जरूर करें। वे सोमवार को मैगा माइंड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्वीप अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर स्कूली बच्चों का आहवान किया कि 25 मई को मतदान के लिए अभिभावकों व आसपास के लोगों से आग्रह जरूर करें। जसवंत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर वोटर का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरुरी है।

# भीगे अरमान, किसान परेशान मंडियों में लिफ्टिंग कार्य रुका

## हल्की बारिश ने भिगोया मंडियों में पड़ा किसानों का हजारों क्विंटल पीला सोना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

सोमवार तड़के बेमौसमी बारिश का पानी किसानों के अरमानों पर पड़ा। हालांकि तेज बारिश नहीं थी, लेकिन हलकी बारिश की वजह से मंडियों में पड़े गेहूं व सरसों पूरी तरह से भीग गई। जिसकी वजह से मंडियों में पड़े गेहूं व सरसों की लिफ्टिंग का कार्य अटक सकता है। लिफ्टिंग अटकी तो किसानों के खातों में फसलों की बिक्री के पैसे भी देरी से पहुंचेगे। जिसका सीधा असर किसानों पर ही पड़ेगा। यह स्थिति भिवानी ही नहीं जिले के अन्य मंडियों में बनी हुई है।

सुबह करीब साढ़े चार बजे के आसपास आसमान काली घटाओं से पट गया। लोग समझ पाते कि उससे पहले आसमान से पानी गिरना शुरू हुआ। कभी तेज तो कभी धीमी गति से आसमान से पानी बरसा। जिसका सबसे ज्यादा असर मंडियों में पड़े गेहूं व सरसों की ढेरियों पर पड़ा। पानी की वजह से उक्त ढेरियां पानी में भीग गई। जो ढेरियां मंडियों में ढलान वाली जगहों पर बनाई गई थी। उनके चारों तरफ पानी फिर गया। कई जगहों पर तो खुले आसमान के तले लगी बोरियों के नीचे से पानी बहने लगा।





भिवानी। बारिश में अनाजमंडी में भीगी गेहूं और सरसों की ढेरी का दृश्य। फोटोः हरिभूमि

गेहूं व सरसों से भरे बैग पूरी तरह से भीग गए। हालांकि कुछ आढ़तियों ने उनकी दुकानों के आगे लगे बैगों को ढक दिया था,लेकिन जो खुले आसमान के नीचे पड़े थे। वे हलकी बारिश में भीगते रहे। यह स्थिति भिवानी ही नहीं बवानीखेड़ा, तोशाम, लोहारू इलाके में भी बनी रही। यहां पर बारिश के पानी से फसलों की ढेरियों दिनभर पानी के बीच में रही।

**ढेरियों की अलटा पलटी में जुटे रहे किसानः** मौसम की मार से हर कोई परेशान रहा। दोपहर बाद किसान मंडियों में पहुंचे तो गेहूं व सरसों की ढेरियों भीगी हुई मिली। किसान व आढ़ती उन ढेरियों को धूप में सुखाते नजर आए। क्योंकि हलकी बारिश से भी अनाज की ढेरियों में नमी बढ़ गई है। ज्यादा नमी की वजह से फसलें खराब हो सकती है। स्टॉक के लिए गेहूं की फसल में नमी 12 तो सरसों में 8 होना चाहिए।

■ स्टॉक के लिए गेहूं की फसल में नमी 12 तो सरसों में 8 होना चाहिए

फसलों में निर्धारित नमी के लिए सोमवार को किसान अपनी फसलों को सुखाते नजर आए। यह नजारा मंडियों में देर शाम तक बना रहा। यहां यह बताते चले कि फिलहाल मंडियों में फसलों का उठान का कार्य धीमा चल रहा है।

**भुगतान की धीमी प्रक्रिया के विरोध में किया प्रदर्शनः** अखिल भारतीय किसान सभा ने भिवानी अनाज मंडी का दौरा किया तथा बैमौसमी बारिश से सरसों व गेहूं को हुए नुकसान के लिए सरकार व प्रशासन के कुप्रबंध को जिम्मेवार ठहराया। किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल के नेतृत्व में पांच सदस्यी प्रतिनिधि मण्डल प्रातः चारा मंडी भिवानी में गया और उसने लाखों किंवटल खुले में पड़ी बेमौशमी बारिश से भिगि पड़ी सरसों व गेहूं को देखा तो क्षोभ हुआ कि यह सब शीघ्र खरीद व उठान प्रक्त्रिया में सरकार व प्रशासन की कुप्रबंध नीति का परिणाम है। किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओम प्रकाश ने बताया कि एक अप्रैल को खरीद शुरू होते ही उनके संगठन ने जिला अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन दिया

### पानी में भीगा किसानों के खून.पसीने से पैदा हुआ पीला सोना

रविवार.सोमवार रात्रि दरम्यान आई हल्की बरसात से तोशाम अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी कई क्विंटल सरसों पानी में भीग गई। वहीं अनाज मंडी में बरसाती पानी से कीचड़ बन गया तथा सरसों की फसल खराब होने से अनाज मंडी परिसर में बदबू पैदा हो गई। जब हल्की बरसात से यह हालत है तो यदि तेज बरसात आई तो किसानों के द्वारा खून.पसीने से पैदा किया गया यह पीला सोना बरसाती पानी के द्वारा खराब होना लाजमी है। ऐसे में किसानों की खून.पसीने की कमाई को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी बिल्कुल भी सतर्क नहीं है और किसानों की मेहनत अधिकारियों तथा कर्मचारियों की लापरवाही की बदौलत मिट्टी में मिलती नजर आ रही है।



भिवानी। विदाई समारोह में उपस्थित एसोसिएशन के पदाधिकारी व जज।

## पांच एडीशनल सैशन जजों को स्थानांतरण पर दी विदाई पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

■ कर्मचारी और अधिकारी के व्यक्तित्व की पहचान होती है उनके कार्यकाल से

कोर्ट परिसर स्थित जिला बार सभागार में जिला बार एसोसिएशन भिवानी द्वारा सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर भिवानी के 5 एडिशनल सैशन जज का स्थानांतरण होने पर उन्हे सम्मानित कर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि जिला एवं सत्र न्यायधीश दीपक अग्रवाल ने शिरकत की तथा अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन भिवानी के प्रधान सत्यजीत पिलानिया ने की। कार्यक्रम में मंच का संचालन एसोसिएशन के सचिव दीपक तंवर ने किया।

इस मौके पर स्थानांतरित हुए एडीशनल सैशन जज अश्विनी कुमार गोयल, रजनी यादव, सोनिका गोयल, अश्विनी महता, कंवरपाल सिंह को मुख्यातथि व एसो. पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। जिला बार भिवानी के सैशन जज दीपक अग्रवाल ने कहा कि किसी भी कर्मचारी या अधिकारी के व्यक्तित्व की पहचान उनके कार्यकाल के दौरान लोगों से किए व्यवहार के तौर पर की जाती है। स्थानातरित हुए पांचों एडीशनल सैशन जजों का व्यवहार नागरिकों के लिए बड़ा अच्छा रहा तथा इनके अच्छे व्यवहार की प्रशंसा की गई सुनी भी गई थी। उन्होंने स्थानांतरित हुए पांचों एडीशनल सैशन जजों को बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। जिला बार एसो. भिवानी के प्रधान सत्यजीत पिलानिया ने कहा कि एडीशनल सैशन जज अश्विनी कुमार गोयल,रजनी यादव, सोनिका गोयल,अश्विनी महता, कंवरपाल सिंह न्याय प्रिय थे । इस मौके पर एसो. के सचिव दीपक तंवर ने कहा कि विदाई समारोह जैसे कार्यक्रम कर्मचारियों व अधिकारियों के सराहनीय कार्यकाल की प्रशंसा करने के साथ अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों को भी आमजन के प्रति अच्छा व्यवहार किए जाने का संदेश देती है।

## जागरूकता रैली निकालकर मतदान के लिए किया प्रेरित

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिठ माध्यमिक विद्यालय में मतदान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को हरी झंडी प्राचार्या संतोष भाकर ने दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से निकलकर विभिन्न मागोंर् से होते हुए निर्धारित स्थान पर पहुंची। रैली की कमान संभाल रहे प्रवक्ता राजेन्द्र गौरी ने बताया कि बच्चों में मतदान को लेकर उत्साह है और उन्होंने स्लोगनों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया है। उन्होंने मतदान करके नई सरकार में अपनी अहम भूमिका अदा करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने भी अपनी अहम भूमिका अदा की।

■ राजकीय मॉडल संस्कृति वरिठ माध्यमिक विद्यालय बवानीखेड़ा के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

## कौशल विकास योग्यता फ्रेमवर्क को लेकर निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के तहत छात्रों ने कौशल विकास जागरूकता रैली निकाली। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने एनएसक्यूएफ के तहत ऑटोमोबाइल प्रभारी मनबीर चहलए गीता रानी तथा आईटी प्रभारी गोल्डी के नेतृत्व में कौशल विकास रैली निकाली गई।

प्राचार्या संतोष भाकर उप.प्राचार्य सत्यवान यादवए एनएसक्यूएफ नॉडल अफसर मोहित यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियों को लिए हुए विद्यार्थियों ने ग्रामीण अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में दी जा रही मुफ्त रोजगार उन्मुख शिक्षा के प्रति जागरूक किया। छात्रों एवं अध्यापकों ने अभिभावकों को प्रेरित किया कि वह अपने बच्चों को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दाखिला दिलाए और उनकी रुचि के विषय जैसे संस्कृत ऑटोमोबाइल आईटी आदि में व्यावसायिक शिक्षा दिलाएं ताकि विद्यार्थी पारंगत होकर दूसरों को भी रोजगार प्रदान करने में समर्थ बन सके। ऑटोमोबाइल प्रभारी मनबीर चहल, गीता रानी आदि ने बताया कि राजकीय स्कूलों में 9 से 12वीं तक चार लेवल पर विभिन्न रोजगार पर विषयों की पढ़ाई करवाई जाती है और डिप्लोमा प्रदान किया जाता है इन विषयों की पढ़ाई करने के बाद विद्यार्थी स्वयं का रोजगार कर सकता है।




बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के तहत छात्रों ने कौशल विकास जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

## धोली को ऑल इंडिया अंतर विवि महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में मिला तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

■ शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग की समन्वय डॉ. रेनू, प्राध्यापिका नेहा, एवं मोहिनी ने भी छात्रा को बधाई दी

आदर्श महिला महाविद्यालय की छात्राएं खेल जगत में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। हाल ही में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा धोली ने सीबीएलयू टीम में चयनित होकर ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालय महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लिया और अमृतसर विश्वविद्यालय को हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि प्रतियोगिता में विभिन्न प्रान्तों के विश्वविद्यालयों से 16 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने छात्रा एवं खेलकूद विभाग को बधाई दी और कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं खेलकूद प्रतियोगिताओ में महाविद्यालय का नाम न केवल राष्ट्रीय स्तर अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करती आ रही है। जिसका श्रेय छात्राओं की कड़ी मेहनत लगन एवं दृढ़ निश्चय को जाता हैं। इसके साथ.साथ छात्राओं की उन्नति में महाविद्यालय प्रबंधन समिति का सहयोग भी सदैव सराहनीय रहा हैं। शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग की समन्वय डॉ. रेनू, प्राध्यापिका नेहा, एवं मोहिनी ने भी छात्रा को बधाई दी।

## चिराग योजना के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंध सर्व कर्मचारी संघ जिला कार्यकारणी भिवानी द्वारा राज्य कमेटी के निर्णय अनुसार डीईओ के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला प्रधान महेंद्र सिंह एवं संचालन जिला सचिव राजेश कुमार द्वारा किया गया। जिला प्रधान ने बताया कि अध्यापक संघ सभी वगोंर् का प्रतिनिधित्व करने वाला एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का पक्षधर संगठन है। सरकार चिराग योजना के माध्यम से निजी स्कूलों को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है अध्यापक संघ चिराग योजना के विरोध में 3 वर्ष से संघर्षरत है किंतु राज्य सरकार सरकारी ढांचे को सिकुड़ने पर आमदा है।

## बवानी खेड़ा तहसील कार्यालय में सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा तहसील कार्यालय में सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी से तहसील कार्यालय में हडकंप मच गया और ये बात कस्बे में आग की तरफ फैल गई। सीएम फ्लाईइग की टीम ने लगभग दो घंटे तक तहसील कार्यालय में जांच की। हालांकि टीम को काफी कमियां मिली तो वहीं जिस कर्मचारी के पास रिकार्ड जांच करना था उसके सीट पर न पहुंचने से रिकॉर्ड की जांच नहीं हो सकी। पिछले काफी दिनों से तहसील कार्यालय इंतकाल, सीएम विंडो, आरटीआई, फर्द आदि किसी न किसी कार्य को लेकर चर्चाओं में छाई हुई है। इसी को लेकर सोमवार को सीएम फ्लाइंग टीम में इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एसआई विरेन्द्र, एसआई मुकेश, सिपाही सुरेन्द्र पहुंचे वहीं गुप्तचर विभाग की टीम में एएसआई सुनील कुमार, एचसी मनमोहन भी मौजूद रहे। सीएम फ्लाइंग टीम ने मौके हाजिरी रजिस्टर चेक किया तो अनेक कर्मचारी मौके से नदारद मिले। टीम ने तहसील संबंधित कार्य की जांच में लगभग 370 इंतकाल, 54 सीएम विंडो, लगभग एक दर्जन रजिस्ट्री आदि कार्य को पेंडिंग पाया वहीं रेट लिस्ट भी न मिलने पर टीम ने चेताया। किसान रिंकू उर्फ निक्का ने बताया कि उसके परिवार का काफी समय से इंतकाल पेंडिंग है कभी पटवारी कानूनगो तो कानूनगो कंप्यूटर ऑपरेटर का नाम लेकर चक्कर कटवा रहे हैं लेकिन उसका समाधान नहीं हो रहा है।

### टीम को मिली खामिंयां

इस बारे में नायब तहसीलदार अंकित ने बताया कि सीएम फ्लाइंग टीम को कुछ कमियां मिली है जिन्हें दुरूस्त किया जाएगा ताकि कार्य समय पर पूरा हो और जनता को भी भटकना न पड़े।

फ्री मेगा
+ पोजीट्रोन
सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल
कीमोथेरेपी
सर्जरी
रेडिएशन
कैंसर कैंप
25 अप्रैल 2024, वीरवार
सुबह 10 से 2 बजे तक
74 96 96 50 54
Sector-35, Suncity, Rohtak



विशेष: विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

# जीवन को निखार देती हैं किताबें

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

**किताबें पढ़ने का मतलब, नई-नई बातों की जानकारी, जीवन के हर पहलू से रू-ब-रू होना, जिंदगी जीने की कला सीखना। किताबें हमारी दोस्त बन हमारा अकेलापन दूर करती हैं, हमें स्वस्थ, जीवंत बनाती हैं। आइए, हम दिन-रात मोबाइल स्क्रीन की स्क्रॉलिंग ना करके, अपनी आदत किताबें पढ़ने की डालें, जीवन को निखारें, खुशियों से भरें।**

किताबें पढ़ना, खुद को हर तरह से समृद्ध करना है। कभी जिम्मेदारियों की भाग-दौड़ के चलते तो कभी मन की उलझनों के कारण, महिलाओं का किताबों से रिश्ता टूट जाता है। स्कूल-कॉलेज के समय खूब किताबें पढ़ने वाली लड़कियां भी एक समय के बाद काम-काजी जीवन की आपा-धापी या गृहस्थी की भाग-दौड़ में किताबों और शब्दों से रिश्ता नहीं रख पातीं। ऐसा नहीं होना चाहिए। किताबों से जुड़े रहने का रास्ता ढूंढ़ ही लेना चाहिए, क्योंकि किताबें पढ़ना, विचारों को समृद्ध करने से लेकर व्यक्तित्व के निखार तक, हर मोर्चे पर मददगार होता है। आप जीवन में जो भी भूमिका निभा रही हों, किताबों से मिला मार्गदर्शन और मनोबल मन को हिम्मत देता है। शब्दों का यह साथ जीवन को सार्थक दिशा देने वाला साबित होता है।

## विकसित होता है सार्थक नजरिया

महिलाओं के जीवन में एक मोड़ के बाद ठहराव-सा जाता है। ऐसे में ठहरे-से जीवन में भी सीखने-समझने की यात्रा जारी रखने के लिए किताबें बहुत अच्छी मित्र साबित होती हैं। किताबें तो जानकारियों का खजाना होती हैं। कुछ नया जानने-सीखने का रोमांच कायम रखती हैं। अकेलापन दूर करती हैं। मन को खुशी और संतुष्टि देती हैं। कहते हैं, 'हम खुशियां नहीं खरीद सकते पर किताबें खरीद सकते हैं। किताबें हमें खुशी देती हैं।' आज के उलझन भरे दौर में मन को खुशी देते हुए हमारे लिए सीखने-समझने का सफर जारी रखने वाली किताबें और जरूरी हो गई हैं। यूं भी कुछ नया जानना-सीखना मन को खुशी ही नहीं देता है, आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। इससे सकारात्मक सोच की सौगात हमारे हिस्से में आती है। रिश्तों और जिम्मेदारियों से जुड़ी आपा-धापी में अवसाद और अकेलापन, महिलाओं के लिए भी समस्या बन गया है। किताबें इन सबसे उबरने का बेहतरीन माध्यम हैं। साथ ही शब्दों से बने सुखद मेल-जोल से आप घर-परिवार संभालते या नौकरी करते हुए भी नीरसता भरी सोच से बची रहेंगी। इंसान की सोच और व्यवहार दोनों में नयापन जोड़ने वाली किताबें जीवन यात्रा को भी रोचकता, समझ और जानकारियों से भरपूर रखती हैं। पन्ने-दर-पन्ने जिंदगी से जुड़ी कितनी ही बातों से रू-ब-रू करवाती हैं किताबें। जिंदगी जीने का एक सार्थक नजरिया विकसित करती हैं किताबें।


## किताब को बनाएं अपना साथी



मन-मस्तिष्क को मांजने वाली पुस्तकों को अपनी सहेली-सा समझें। हर समय कोई किताब साथ रखना, किताब पढ़ना आसान कर देता है। चाहे पैरेंट-टीचर मीटिंग में अपनी बारी का इंतजार करना हो या किसी और जगह समय बिताने के लिए किताब पढ़ना सबसे अच्छा तरीका है। समय के सदुपयोग के साथ ही किताबें हमारे मन-जीवन को परिष्कृत करती हैं। एक अध्ययन के मुताबिक 6 मिनट पुस्तक पढ़ने से तनाव 75 प्रतिशत तक कम हो जाता है। इतना ही नहीं, किताबें पढ़ने से दिमाग की 'थॉट्स टू एक्शन' पावर यानी किसी काम को करने के लिए दिमाग में विचार आने की गतिविधियां भी तेज होती हैं। ज्ञान का दायरा बढ़ने के साथ ही, अपनी सोच को विस्तार मिलने से अच्छा और क्या हो सकता है। इसीलिए हमेशा कोई किताब साथ रखें और उसे पूरा पढ़ने का एक मिशन बना लें। अपनी पसंद को प्राथमिकता देते हुए किताब का विषय चुनें। रुचि का कंटेंट पढ़ना, आपको पुस्तकों से जोड़े रखेगा। साथ ही अपने शौक के विषय को आप और बेहतर समझ पाएंगी।

## पास आएं किताबों के, स्क्रीन से बनाएं दूरी

समय अनमोल है। इसे सार्थक कार्यों में लगाने से अच्छा कुछ नहीं। यह जानने-समझने के बावजूद स्क्रीन स्क्रॉलिंग की आदत ने हमें किताबें पढ़ने की सार्थक गतिविधि से दूर कर दिया है। महिलाओं में भी पन्नों पर उतरे शब्दों के माध्यम से कुछ सीखने में रुचि घटी है। अब इस ओर लौटना आवश्यक है। पुस्तकों का साथ ज्ञान, मान, स्वास्थ्य और सुकून सब कुछ देता है। इसीलिए तकनीक से घिरी इस दुनिया में स्क्रीन स्क्रॉलिंग में समय गंवाने के बजाय यह वक्त किताब पढ़ने में लगाएं। शोधकर्ता न्यूरोसाइंटिस्ट बरोनेस सुसान ग्रीनफील्ड के मुताबिक, 'सोशल मीडिया और स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में किताबें पढ़ने की आदत दवा की तरह असर दिखा सकती है। किताबें पढ़ने से सोचने और किसी परिस्थिति को समझने की क्षमता बेहतर होती है। हमारा मन और मस्तिष्क दोनों जाने-अनजाने पढ़े जा रहे शब्दों के भाव से जुड़ाव महसूस करते हैं, उनके प्रभाव में आते हैं।' यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के एक अध्ययन के अनुसार किताब पढ़ने से भावनात्मक समझ बढ़ती है। महिलाओं के लिए यह समझ रिश्तों-नातों को समझने और अपनी बात समझाने में भी मददगार बन सकती है। घर बसा लेने या काम-काजी हो जाने का मतलब यह नहीं है कि कोई महिला अपनी वैचारिक समझ से दूर हो जाए। जितना आप अपने परिवेश और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी रखेंगी, उतना ही बच्चे हों या बड़े, सबसे बेहतर संवाद स्थापित कर पाएंगी। साथ ही स्क्रीन स्क्रॉलिंग से होने वाली बहुत-सी मानसिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं से भी बची रहेंगी।



### बच्चों को पुस्तकों से जोड़ें

**आपके किताबों** से जुड़ाव बनाए रखने का एक सकारात्मक असर यह भी होगा कि बच्चे भी पुस्तकें पढ़ने में रुचि लेंगे। अध्ययन बताते हैं कि माताओं की यह आदत बच्चों को भी पुस्तकों से जोड़ती है। यूं भी बच्चों का पूरा व्यक्तित्व और सोच अपनी मां की गतिविधियों से प्रभावित होता है। आपकी रीडिंग हैबिट छोटी उम्र से ही बच्चों में भी कोर्स की किताबों से इतर कुछ पढ़ने-गुनने में रुचि जगाएगी। बचपन में ही पुस्तकों के साथ बना रिश्ता उम्रभर बच्चों को किताबों से जोड़े रखता है। बच्चों को स्मार्ट गैजेट्स से दूर रखने के लिए भी उनकी रीडिंग स्किल्स और रुचि को बढ़ाना आवश्यक है। किताबों का साथ नई पीढ़ी को नुकसान पहुंचाने वाली बहुत सारी एक्टिविटीज से दूर रखता है। बच्चों के साथ बैठकर किताब पढ़ने से पैरेंट्स के साथ उनकी बॉन्डिंग भी मजबूत होती है। बच्चों का व्यक्तित्व निखरता है और इमोशनल इंटेलिजेंस बढ़ती है।

वर्किंग वूमेन / अंजू जैन



**हम यह मान लें कि अपने प्रोफेशन में बेहतर परफॉर्म कर रहे हैं, इससे और बेहतर करने की कोई जरूरत नहीं है, यह सोच गलत है। प्रोग्रेस के लिए जरूरी है, हम समय की डिमांड के अनुसार अपनी बेहतर से बेहतर परफॉर्मेंस दें।**

# आप बेहतर हैं लेकिन और ज्यादा बेहतर हो सकती हैं



अमृता को मीना ने एक साधारण-सी दोस्ताना सलाह दी तो वह चिढ़ गई। उसकी कुलीग मीना ने उससे बस इतना ही कहा था, 'अमृता, तुम और बेहतर ढंग से काम कर सकती हो, तुममें अच्छी क्षमता है। इससे वर्कप्लेस पर तुम्हारी बहुत ही शानदार और एक अलग इमेज बन जाएगी।' इस पर अमृता गुस्सा गई, बोली, 'क्या मैं तुम्हें अंडर परफॉर्मर या कामचोर लगती हूं? क्या ऑफिस में मेरी इमेज ठीक नहीं है?'

अमृता भूल गई कि हम चाहे कितने भी बेहतर परफॉर्मर और इंटेलीजेंट क्यों ना हों, लेकिन बेहतरीन की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। दुनिया के कामयाब लोग चाहे वे वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर, लेखक, प्रोफेसर या किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों, ये सभी खूबसूरत मुकाम तभी हासिल कर पाते हैं, जब वे निरंतर अच्छे से अच्छा करने के लिए प्रयासरत रहते हैं, नित नई चीजें सीखने और अनुभव प्राप्त करने के लिए तत्पर रहते हैं। इसी तरह आप भी अपने करियर को नई ऊंचाई देने, व्यक्तित्व को निखारने के लिए कुछ उपाय अपना सकती हैं।

**परफॉर्मेंस लगातार इंप्रूव करें:** कभी भी यह ना मानकर बैठें कि आप जो कर रही हैं, वही आपका बेस्ट है। खुद को कंफर्ट जोन से बाहर लाएं और अपनी परफॉर्मेंस को इंप्रूव करने के तरीकों पर विचार करें। लोगों की सलाह लें। अपने बॉस, सहयोगियों या क्लाइंट्स के फीडबैक पर ध्यान दें। अपने डार्क एरियाज को पहचानें और उन कमजोरियों को दूर करें। आपके भीतर खुद को बेहतर बनाने और अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाने का एक जुनून होना चाहिए। ये बातें आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

**वैल्यू एडिशन करें:** आप अगर अपने करियर में प्रोग्रेस चाहती हैं तो अपनी पर्सनालिटी और वर्किंग स्टाइल में वैल्यू एडिशन करें। बेस्ट सेलर बुक 'सो गुड दे कांट इग्नोर यू' के राइटर काल न्यूपोर्ट ने लिखा है कि महत्व इस बात का है कि आप अपने दिए गए काम को कितने बेहतर तरीके से करते हैं, उत्पादन की गुणवत्ता में कितनी वैल्यू एड कर पाते हैं। आप अपनी आजीविका के लिए कुछ भी करें, लेकिन खुद को इतना बेहतर बनाने की कोशिश करें कि कोई आपको इग्नोर ना कर सके। आपकी इमेज बेहतरीन परफॉर्मर की होनी चाहिए।

**निरंतर सीखें नए स्किल:** दुनिया पल-पल बदल रही है, प्रगति कर रही है। समय बीतने के साथ ही हर नई तकनीक पुरानी होती चली जाती है। जाहिर है, इसी के मुताबिक प्रोफेशनल या बिजनेस फील्ड में भी नई सेवाओं और नए उत्पादों की मांग बढ़ती है। पुरानी चीजों की मांग लगातार घटती चली जाती है। इसलिए आपको समय के साथ तालमेल बनाकर चलने के लिए नियमित रूप से नई स्किल सीखनी चाहिए। आपकी स्किल और नवीनतम जानकारी ही आपकी वास्तविक पूंजी है।

**काम को पूरे मन से करें:** सफल होना है तो अपने पैशन को फॉलो करें। आप जो कर रही हैं, अगर वो आपका पैशन नहीं है तो भी आपको इस काम के प्रति अभिरुचि जगानी चाहिए। किसी काम को बोझ की तरह या महज ड्यूटी निभाने के माइंडसेट से करेंगी तो आप कभी सफल नहीं हो पाएंगी। इसलिए काम के प्रति लगाव रखें, अपने एंप्लॉयर को ज्यादा से ज्यादा और बेहतर रिजल्ट देने का प्रयास करें।



### लोगों के साथ अच्छे संबंध रखें

**पर्सनल लाइफ** हो या प्रोफेशनल, हमें अपने हर काम के लिए कुछ लोगों के सहयोग की जरूरत पड़ती है। ऐसे में लोगों के साथ हमारा व्यवहार, बोलचाल का तरीका और संबंध कैसा है, इस पर हमारी कामयाबी निर्भर करती है। प्रबंधन गुरु ऑग मेडिनो कहते हैं, 'बिजनेस में 90 फीसदी ग्रोथ आपके मानवीय संबंधों पर टिकी होती है।' हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा 10,000 लोगों पर किए गए सर्वे में पाया गया कि हमारी तरक्की में पढ़ाई-लिखाई, अनुभव और स्किल हमारी सिर्फ 15 प्रतिशत मदद कर सकती है। बाकी 85 फीसदी योगदान लोगों के साथ मानवीय संबंधों पर निर्भर होता है, इसलिए अपना व्यवहार हमेशा नम्र और विवेकशील रखें। इस 21वीं सदी में आप सिर्फ बुद्धि के बल पर किसी से नहीं जीत पाएंगे, क्योंकि हर तीसरा व्यक्ति किसी न किसी क्षेत्र में आपसे ज्यादा बुद्धिमान है।

**आलू ऐसी सब्जी है, जिसे हर घर में उपयोग किया जाता है। लेकिन सब्जी के अलावा आलू में रूप निखारने के भी अनेक गुण मौजूद होते हैं। आप आलू का उपयोग अपना रूप निखारने और ब्यूटी संबंधी समस्याओं को दूर करने में भी कर सकती हैं। इस बारे में बहुत ही यूजफुल टिप्स के बारे में जानिए।**

# आलू में छुपे होते हैं रूप निखारने के गुण





ब्यूटी
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

आलू का जिक्र आते ही अकसर फ्रेंच फ्राईज, आलू के परांठे या समोसे पर ध्यान चला जाता है। आलू के पकवान पूरे विश्व के किचेन में पकाए जाते हैं। लेकिन आलू विटामिन, मिनरल, आयरन, फासफोरस आदि गुणों से भरपूर होते हैं, जिनसे स्किन, बालों और अन्य ब्यूटी समस्याओं का घर बैठे आसानी से कम लागत में प्रभावी उपचार किया जा सकता है।

**कई तरह से उपयोगी :** आलू में मौजूद हल्के ब्लीचिंग गुणों की वजह से यह हाइपर पिग्मेंटेशन को रोकता है और त्वचा की रंगत में निखार लाता है। आलू में मौजूद एंजाइम स्किन में ताजगी और चमक लाते हैं। साथ ही चेहरे पर काले धब्बों, कील-मुंहासों को भी रोकता है। आलू में पाया जाने वाला विटामिन 'सी' स्किन में कोलेजन कोशिकाओं को बढ़ाकर समय से पहले चेहरे की झुर्रियां और बुढ़ापे को रोकता है। साथ ही यंगनेस को लंबे समय तक बनाए रखता है। आलू के जूस को अन्य फ्रूट जूसों के मिश्रण के साथ पीने से सौंदर्य में निखार आता है। त्वचा संबंधी अनेक सौंदर्य समस्याओं को आलू के बाहरी उपयोग से ठीक किया जा सकता है।

**ऐसे करें अप्लाई :** हम आपको यहां आलू से रूप निखारने वाले कुछ आसान घरेलू उपायों के बारे में बता रहे हैं।



- आलू और अंडे के फेसपैक को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है, स्किन में यंग फ्रेशनेस लौट आती है। इसके लिए आधे आलू के रस में एक अंडे का सफेद हिस्सा मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घंटा तक लगाकर चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालिए। इससे चेहरे के स्किन पोर्स में खिंचाव आएगा और आप यंग दिखेंगी।
- आधे आलू के रस में दो चम्मच दूध मिलाकर बने मिश्रण को कॉटन की मदद से पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाइए। इस मिश्रण को आधे घंटे बाद पानी से धो डालिए। इसे हफ्ते में दो बार लगाने से चेहरे की स्किन में फ्रेशनेस और यंगनेस का अहसास होता है।
- आलू के जूस को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है और चेहरे की झुर्रियां दूर होती हैं। आलू के उपयोग से गर्मी से झुलसी त्वचा को राहत मिलती है और स्किन स्पॉट्स को छुड़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।
- आलू के उपयोग से आंखों के इर्द-गिर्द सूजन को कम करने में मदद मिलती है। आलू और खीरे के जूस को बराबर मात्रा में मिलाकर प्रतिदिन आंखों के इर्द-गिर्द लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है।
- आलू के छिलकों से बालों की रंगत काली बनी रहती है। इसके लिए आलू के छिलको को पानी में उबालकर ठंडा होने दें और इस पानी को शैंपू करने के बाद बालों को धोने से बालों में चमक तथा कोमलता आती है।
- आलू और हल्दी के फेसपैक से त्वचा की रंगत में निखार आता है। इसके लिए आधे आलू के रस में थोड़ा-सा हल्दी पावडर डालकर बने मिश्रण को आधा घंटे तक चेहरे पर लगाकर बाद में ताजे पानी से धो डालिए। इस पैक को हफ्ते में दो बार लगाने से त्वचा की रंगत साफ होती है।
- आलू के जूस को प्रतिदिन चेहरे और बाहरी त्वचा पर लगाकर 20 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। इससे चेहरे की झुर्रियां खत्म होंगी।
- आलू के छिलके को ब्लैंड कर चेहरे पर कुछ समय तक हल्की-हल्की मसाज कीजिए और इसके बाद ताजे, साफ पानी से धो डालिए। इससे त्वचा को साफ रखने और काले धब्बों को साफ करने में मदद मिलेगी।

डाइट सजेशन / शिल्पी गोयल डाइटीशियन, रायपुर

# वाटर रिच फूड्स से नहीं होगा डिहाइड्रेशन



गर्मी के मौसम में तेज तापमान और पसीने की वजह से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या होती है। गर्मियों में कई लोगों को इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। समर सीजन के दौरान आपको अपने शरीर में पानी की उपलब्धता को हर घंटे पूरा करते रहना चाहिए। अगर आप शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की समस्या को नजरअंदाज करें तो इससे आपको चक्कर आना, थकान, बेहोश होना, मसल्स क्रैंप, लो ब्लड प्रेशर, हार्ट रेट का तेज होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ वाटर रिच फूड्स और फ्रूट्स को शामिल कर सकती हैं। ये पानी से भरपूर फल आपके शरीर में पानी की कमी को तुरंत पूरा करते हैं और आपको एनर्जी से भरपूर भी रखते हैं।

**तरबूज:** एक कप कटे हुए तरबूज में आधा कप पानी की मात्रा होती है। यही नहीं, इसमें फाइबर, विटामिन सी, विटामिन ई, मैग्नीशियम और कैलोरी भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो हमें तुरंत रीचार्ज होने में मदद करता है। इसलिए आप इन गर्मियों में रोजाना तरबूज खा सकती हैं।

**खीरा:** खीरे में भी 95 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें विटामिन के, पोटैशियम, मैग्नीशियम आदि पोषक तत्व भी भरपूर मात्रा में होते हैं। इसलिए गर्मी के मौसम में खीरा भी आपको जरूर खाना चाहिए।



**दही :** गर्मी के मौसम में दही का सेवन करना भी फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर प्रोटीन, विटामिंस और न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं, जो कई तरह से हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। आप टमाटर, लौकी, बेल, फूलगोभी, पत्ता गोभी, नारियल पानी आदि के सेवन से भी शरीर में पानी की कमी को पूरा कर सकती हैं।

इनके अलावा फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना, छाछ, नीबू पानी और सादा पानी पर्याप्त मात्रा में लेने से डिहाइड्रेशन से बचा जा सकता है।

फिटनेस फंडा/ नीता शेट्टी

**सोनी सब चैनल के शो 'आंगन अपनों का' में दीपिका के रोल में नजर आ रहीं नीता शेट्टी शेयर कर रही हैं अपना फिटनेस फंडा।**

# स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा जरूरी है हेल्दी-फिट रहना



कई लोग स्लिम और ट्रिम दिखने के लिए बड़ी मशक्कत करते हैं, हार्ड वर्कआउट करते हैं। लेकिन मैं ऐसा नहीं करती। मेरा मानना है कि स्लिम और ट्रिम दिखना अच्छा तो लगता है लेकिन ऐसा दिखने से भी ज्यादा जरूरी है हेल्दी और फिट रहना, क्योंकि जब आप हेल्दी और फिट रहेंगी तब आप खुद को एनर्जेटिक फील करेंगी। आपके दिन की शुरुआत अच्छी होगी, पूरे दिन चुस्ती और स्फूर्ति बनी रहेगी।

**मेरी फिटनेस आइडियल हैं शिल्पा शेट्टी :** वैसे मेरा कोई फिटनेस आइडियल नहीं है, लेकिन जिस तरह से शिल्पा शेट्टी योगा और जिम के जरिए अपने आपको फिट रखती हैं, मुझे उससे काफी इंस्पिरेशन मिलती है। उन्होंने ही सबसे पहले सोशल मीडिया पर योगा के ट्रेंड की शुरुआत की थी।

**डेली डाइट प्लान :** मेरा कोई टफ डाइट प्लान नहीं है। डाइट को लेकर मेरा फंडा यह है कि आप दिन में हैवी और हेल्दी डाइट ले सकते हैं। यानी, ब्रेकफास्ट और लंच हैवी कर सकते हैं। शाम का नाश्ता थोड़ा लाइट लेना चाहिए। डिनर अगर देर में करना हो तो लाइट ही लेना चाहिए। अगर शाम 7 बजे से पहले डिनर कर रहे हैं तो मीडियम ले सकते हैं। शाम को फल या सलाद खा सकते हैं, लेकिन वो भी कम मात्रा में। सुबह नाश्ते में मैं ओट्स या फ्रूट्स खाना प्रेफर करती हूं। लंच में ज्यादातर सब्जी, रोटी खाती हूं। कभी अगर मूड हुआ तो चावल भी ले लेती हूं। मेरा मानना है कि दिन के समय हैवी डाइट ले सकते हैं ताकि दिन भर एनर्जी बनी रहे लेकिन शाम की डाइट लाइट ही होनी चाहिए।

**वर्कआउट शेड्यूल :** जिस दिन मैं शूट नहीं कर रही होती हूं, उस दिन मैं कोशिश करती हूं कि उठने के बाद फ्रेश होकर जिम चली जाऊं। अगर सुबह नहीं जा पाई, तो शाम को चली जाती हूं। जिस दिन शूटिंग कर रही होती हूं, उस दिन जिम जाना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन जिस दिन जल्दी पैकअप हो जाता है, उस दिन तो मैं शाम को जिम चली ही जाती हूं। हालांकि मैं कोशिश जरूर करती हूं कि रोज जिम जाकर कुछ देर वर्कआउट करूं।

**मेंटल फिटनेस :** मेरा मानना है कि फिजिकल के साथ मेंटल फिटनेस पर ध्यान देना भी सभी के लिए बहुत जरूरी होता है। जिस तरह फिजिकल फिटनेस के लिए अपनी डाइट और वर्कआउट पर ध्यान देती हूं। उसी तरह मेंटली फिट रहने के लिए हमेशा खुश रहने की कोशिश करती हूं। जो भी करूं, दिल से और पॉजिटिविटी के साथ करने की कोशिश करती हूं। इसके अलावा मेंटली फिट रहने के लिए मैं पहले रेकी किया करती थी, हालांकि अब इतना टाइम नहीं मिल पाता है। लेकिन कोशिश करती हूं, जब-जब समय मिले कुछ देर मेडिटेशन जरूर करूं। इसके अलावा अच्छी मूवी देखकर, अच्छे-अच्छे गाने सुनकर खुद को खुश रखने का प्रयास करती हूं।

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-
- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### जागरण व भंडारे संस्कृति का हिस्सा : कृष्ण मलिक

**तोशाम।** खानक स्थित बाबा मुंगीपा मंदिर में जागरण और भंडारे का आयोजन किया गया। जागरण का शुभारंभ बतौर अतिथि पहुंचे क्रेशर एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण मलिक ने किया। इस दौरान मलिक ने कहा कि जागरण एवं भंडारे सनातन संस्कृति का हिस्सा है। इससे लोगों में धर्म के प्रति निष्ठा बढ़ती है। उन्होंने कहा कि समाज के समर्थ लोगों को ऐसे आयोजन करवाने चाहिए। इस दौरान प्रधान कृष्ण मलिक ने बाबा मुंगीपा कमेटी को 1 लाख रुपए भंडारे के लिए दान स्वरूप दिए।

### राजकीय कॉलेज के छात्रों ने निकाली रैली

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अभियान के तहत स्थानीय राजकीय शिक्षण महाविद्यालय की रोड़ सेफ्टी ब्रिगेड द्वारा मतदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. दलबीर गोदारा ने हरी झंडी दिखाकर किया। विद्यार्थियों ने रैली के दौरान पोस्टर व बैनर आदि श्लोग्नों के साथ नागरिकों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान श्री गोदारा ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व समझाया और कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व निडर होकर अपने मताधिकार करना तथा अन्य मतदाताओं को भी प्रोत्साहित किया जाएं।

### मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

**भिवानी।** जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव को लेकर जिले भर में स्वीप के तहत अलग.अलग कार्यक्रम कर मतदाताओं को जागरूक करने में जुटे हैं। स्वीप कार्यक्रम के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पेंटिंग प्रदर्शनी व रैली का आयोजन करवाया गया। विद्यालय की प्राचार्या सविता घनघस ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताया और कहा की 25 मई को अपने माता.पिता को मतदान बूथ पर ले जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है। हमें इसका प्रयोग करके एक अच्छी सरकार का चुनाव करना चाहिए जो बिना किसी भेदभाव के हमारे प्रदेश व देश को विकास के मामले में आगे लेकर जाए।

### मतदाता ही है लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी

**चरखी दादरी।** लोकतंत्र की सबसे अहम कड़ी मतदाता हैं इसलिए अभी भी यदि किसी नागरिक का वोटर कार्ड नहीं बना है तो वे तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवा लें ताकि चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। नागरिक 26 अप्रैल, 2024 तक अपना वोट बनवा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि पात्र व्यक्ति संबंधित बीएलओ निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फॉर्म.6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। यह फॉर्म मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, जो डाउनलोड किए जा सकते हैं।

### महानिदेशक ने मेडिकल कॉलेज का किया दौरा

**भिवानी।** मेडिकल एजूकेशन एवं रिसर्च विभाग, हरियाणा के महानिदेशक डॉ. साकेत कुमार ने सोमवार को शहर में नव.निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया। मेडिकल कॉलेज की एक्टिंग डॉयरेक्टर डॉ. गीता ने सारी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान डीसी नरेश नरवाल भी मौजूद रहे। महानिदेशक डॉ. साकेत कुमार सबसे पहले पुलिस लाईन के सामने नवनिर्मित बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर क्लास रूम में जरूरी सुविधाओं, लैब, लिफ्ट, गर्ल्ज होस्टल का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक चीज को बड़ी ही बारीकी से देखा। उन्होंने मेडिकल कॉलेज से संबंधित अधिकारियों के साथ मेडिकल कॉलेज के मैप का अवलोकन किया।

# स्कूल स्टाफ ने मिलकर विद्यालय को दिया नया लुक

## दीवारों पर अलग-अलग चित्रों के माध्यम से बच्चों को कर रहे प्रेरित

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ढुंढ़वा जोहड़ में प्रवेश करते ही एक अलग प्रकार की अनुभूति महसूस होती है। विद्यालय में दीवारों पर सभी तुओं, देशभक्तों, महानपुरूषों सहित बच्चों के ज्ञानवर्धन चित्रों को इस प्रकार पेंट करके सजाया गया है कि हर कोई अपने दातों तले अंगुली दबाने को मजबूर हो जाता है। इसका श्रेय विद्यालय मुखिया विमल कुमार, स्टाफ उमेद सिंह, राजेश कुमार, अनिल कुमारए नरेन्द्र काजल, अनीता के द्वारा आपसी सांमजस्य स्थापित करके कराया गया है। विद्यालय के साथ बाबा सोमवारपुरी कुटियां में लोगों की आस्था है और सैंकड़ों भक्तजनों का वहां से आना.जाना होता है विद्यालय का बाहरी लुक इतना लुभावना है तो अंदर क्या स्थिति होगी ऐसा देखकर अभिभावक भी विद्यालय में अपने बच्चों का दाखिल करवाते हुए देखे जाते हैं।

हालांकि विमल कुमार के कार्य ग्रहण से पहले विद्यालय के हालात कुछ ठीक नहीं थे इनके कार्यग्रहण पश्चात इनके द्वारा फेस लिफ्टिंगए समाजसेवियों के सहयोग सहित अन्य राशि से चारदिवारी, मुख्य द्वारए पेंटिंग, मिटटी घास आदि लगवाकर विद्यालय नक्शा बदलने का कार्य किया। इस विद्यालय से पहले इन्होंने सिवाड़ा विद्यालय में भी विद्यालय का नक्शा बदलकर सौंदर्यकरण पुरस्कार जीते।

### महापुरुषों चित्र उकेरे, विचारों को किया साझा

विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यालय की दीवारों पर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, सर्वपल्ली राधाकृष्णन, एपीजे अब्दुल कलाम सहित अनेकों को चित्रों के माध्यम से दीवारों पर उकेरकर उनके विचारों को साझा किए है जिससे सभी प्रेरणा लेते हैं। स्टाफ का मानना है कि जो बच्चों दिखाएंगे और सिखाएंगे बच्चे वही सीखेंगें व जीवन में उतारने का कार्य करेंगे।




**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ढुंढ़वा जोहड़ का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारी ने कहा सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए

कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा, सीआरसी संतोष भाकर ने बताया कि ऐसे विद्यालय शिक्षकों से सभी प्रेरित होते हैं और सभी को इससे प्रेरित होकर अपने विद्यालय का लुक बदलना चाहिए व छात्र संख्या में भी इजाफा करना चाहिए। वहीं विद्यालय मुखिया द्वारा इसका श्रेय जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर, सीआरसीए खंड शिक्षा अधिकारी को दिया कि उनके मार्गदर्शन के चलते वे ऐसा करने में सफल हुए। इसके अलावा उन्होंने समय समय पर जागरूक करने के लिए एबीआरसी राज कुमारी का भी आभार जताया।

## अधिकारियों को फसल उठान कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

# चारा मंडी में औचक निरीक्षण के दौरान जांचा खरीद रिकॉर्ड

अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों को बुलाकर ली गेट पास व उसकी फसल के वजन की सारी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** चारा मंडी में पड़ी फसलों का रिकार्ड जांचते हुए। फोटो : हरिभूमि

मेडिकल एजूकेशन एवं रिसर्च विभाग, हरियाणा के महानिदेशक तथा फसल खरीद कार्य को सुचारू रूप से संचालन को लेकर भिवानी जिला के लिए नियुक्त प्रभारी डॉ साकेत कुमार ने सोमवार चारा मंडी और अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से फसल खरीद का पूरा ब्यौरा मांगा और सरसों खरीद का कार्य का बड़ी बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने बाकायदा कंप्यूटर के साथ ऑक्सर रजिस्टर में दर्ज किए गए रिकार्ड का मिलान किया। उन्होंने खरीद व उठान से संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए फसल बिक्त्री में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने फसल खरीद के साथ उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त नरेश नरवाल भी मौजूद रहे। महानिदेशक डॉ. साकेत कुमार मंडी में औचक निरीक्षण के दौरान फसल बिक्त्री के आए किसानों से भी बातचीत की। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनी। इसके साथ ही उन्होंने आढतियों द्वारा किसानों से ली गई सरसों के रिकार्ड की जानकारी ली। एक आढ़ती द्वारा गेट पास के बारे में सही जानकारी दे पाने पर डॉ. कुमार चारा मंडी स्थित सरकारी कार्यालय पहुंचे, जहां पर किसानों को गेट पास जारी किए जा रहे थे। उन्होंने ऑक्सन रजिस्टर के साथ मिलान किया और कंप्यूटर में ऑन लाईन दर्ज डाटा को भी चैक किया। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाली फसल का गेट पास जारी होना चाहिए। इसके साथ ही खरीद के बाद किसानों को जे फार्म दिया जाना जरूरी है, जिसमें फसल का वजन और फसल की कीमत होती है ताकि किसान को उसकी फसल के वजन और कीमत का पता हो सके। इस दौरान डीसी नरवाल ने डॉ. साकेत कुमार को जानकारी देते हुए बताया कि जिला 23 लाख 42 हजार क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी हैए जिसमें से 19 लाख क्विंटल सरसों का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि उठान कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं। जिला में कुल 624 वाहन उठान कार्य में लगे हैं।

### लापरवाही सहन नहीं होगी

उन्होंने बताया कि यदि कोई ठेकेदार उठान कार्य में लापरवाही बरतेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीएमईओ श्यामसुंदर ने डॉ. साकेत को जानकारी देते हुए बताया कि मेरी फसल.मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण के आधार पर किसानों से सरसों ली जा रही है। प्रतिदिन रिकार्ड चैक किया जा रहा है। गोदाम में फसल के पहुंचने के 72 घंटे के अंदर किसान को फसल के पैसे मिलने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जिला की सभी मंडियों में किसानों को बिजली.पेयजल आदि सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान एडीसी हर्षित कुमार, एसडीएम हरबीर सिंह, डीएफएसओ प्रदीप कुमार, डीएम हैफेड संदीप पूनिया, डीएम वेयरहाऊस दिलबाग सिंह, सचिव मार्केट कमेटी अनिल कुमार व निरीक्षक उमेद सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजदू रहे।

## भजन पार्टी ने मतदाताओं को किया जागरूक

- स्वीप अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन पार्टी गांव मानहेरू में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

स्वीप अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन पार्टी ने स्वीप अभियान के तहत गांव मानहेरू में आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। विभाग की भजन पार्टी के लीडर दलबीर, राजेश, नरेश व सुंदर ने भजनों व लोकगीतों के माध्यम से मतदाताओं का आह्वान किया कि वे अपने मत का प्रयोग जरूर करें ताकि मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र सिंगल ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप अभियान के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी हर्षित कुमार के मार्गदर्शन में शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर जिला में प्रत्येक विधानसभानुसार दस.दस ऐसे बूथों की सूची तैयार की गई है।


## सनातन संस्कृति से प्रभावित यूक्रेन की महिला ने अपनाया हिंदू धर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ऋषि-मुनियों ने कई वर्षों के तप व तपस्या के बाद देश को आयुर्वेद का ज्ञान दिया तथा समय के साथ इस आयुर्वेद की ताकत दुनिया पहुंचानने लगी। जिसके बाद अब विश्व भर में आयुर्वेद पद्धति का बोलबाला है तथा ना केवल भारतीय,बल्कि अन्य देशों के लोग अंग्रेजी दवाइयों की बजाए आयुर्वेद पद्धति पर विश्वास जताकर उसे अपना रहे है तथा रोगों से छुटकारा पा रहे है।

भारत की आयुर्वेद पद्धति से लोग इतने प्रभावित है तथा इस पर शोध करने के उद्देश्य से अपना धर्म परिवर्तन तक कर रहे है। यह बात आश्रम के प्रवक्ता सुरेश सैनी ने कही। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति एवं आयुर्वेद से प्रभावित यूक्त्रेन की मरिया नामक महिला ने सोमवार को हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में पहुंचकर हिंदू धर्म की दीक्षा ली।





### विजय संकल्प रैली को लेकर भाजपा नेता अनिल शर्मा ने कई गांवों में जनसभाओं को किया संबोधित

**तोशाम।** भाजपा नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल शर्मा ने आगामी 30 अप्रैल को कैरू में होने वाली भाजपा की विजय संकल्प रैली के लिए सोमवार को तोशाम विधानसभा क्षेत्र के करीबन एक दर्जन से अधिक गांव का दौरा कर जनसंपर्क किया। इस दौरान भाजपा नेता अनिल शर्मा क्षेत्र के गांव सागवानए भुरटानाए अलखपुराए किरावड़, ढाणी किरावड, खानक, पिंजोखरा खुर्द, गारनपुरा खुर्द, गारनपुरा कलां, दरियापुर, ढाणी दरियापुर, चनाना आदि गांव में पहुंचकर लोगों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 30 अप्रैल को कैरू में होने वाली विजय संकल्प रैली में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पहुंचेंगे। सोमवार को उन्होंने लोगों से रूबरू होते हुए आगामी 30 अप्रैल को आयोजित होने वाली विजय संकल्प रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का लोगों को निमंत्रण दिया। इस मौके पर गांव सागवान के सरपंच कृष्ण कुमारए सुबे सिंह, ठेकेदार करतार सिंह दहिया, भुरटाना के सरपंच सुरेश कुमार, इंद्रजीत, जगदीश, जयवीर, धर्मपाल, विजेंद्र, अलखपुरा के नफे सिंह, गजराज, शीशपाल पंच, मनीष, सतपाल, सत्यवान, पूर्व सरपंच मांगेराम,सुरेश, सुभाष दूधिया, किरावड़ के भीम जांगड़ा, ओमप्रकाश जांगड़ा, डॉ. राजेंद्र तंवर, कमल तंवर आदि मौजूद रहे।

### हवन कर निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**बहल।** बहल क्षेत्र के ढाणी सहजमानपुर गांव में श्री बालाजी मंदिर में हवन कर चार दीवारी निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। चार दिवारी का निर्माण वित्त मंत्री जेपी दलाल के कोष से जारी राशि से किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे धार्मिक स्थल लोगों को आपसी श्रद्धाए भाव और एकजुटता में जोडऩे का काम करते हैं जिनका विकास जरूरी है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल प्रधान सुनील शर्मा, महंत विकास गिरी , अमरजीत चौधरी, अजय बिधनोई, पवन शर्मा सुरपुरा, सुरेश सांगवान सहित गांव के मौजिज लोगों की मौजूदगी में मंत्रोचारण के बीच मंदिर के विकास की नींव रखी गई। आयोजित हवन में लोगों ने पूर्णाहुति दी। मंडल प्रधान सुनील शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक स्थलों से लोगों में ईश्वर के प्रति आस्था प्रबल होती है।

## विद्यार्थियों व स्टाफ को दी शुभकामनाएं

- सर्वपल्ली राधाकृष्णन लैब स्कूल में मनाया 14 वाँ स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** बोर्ड अध्यक्ष डॉ .सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिसर में स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन लैब स्कूल में आज 14 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या श्रीमती मीनाक्षी पुलस्त्य एवं अन्य स्टाफ ने फुल मालाओं से मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

डॉ. वीपी यादव यादव ने डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वपल्ली राधाकृष्णन लैब स्कूल का 14 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी विद्यार्थियों,अभिभावकों एवं स्टाफ सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। डॉ. यादव ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में कहा कि संस्थान निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। गत वर्षो में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा कल्चर फेस्टिवल समूह नृत्य में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त एकल नृत्य प्रतियोगिता एवं स्किट प्रतियोगिता में भी विद्यालय प्रथम स्थान पर रहा। बाल उत्सव समूह नृत्य में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में अध्ययन कर रही कक्षा दसवीं की छात्रा आयांशी ने शुटिंग के खेल में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। यही नहीं सुपर 100 परीक्षा में भी विद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

### महाराणा प्रताप महिला कॉलेज में मॉडल प्रतियोगिता आयोजित

**भिवानी।** महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम परमार की अध्यक्षता में महाविद्यालय में मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मोंडल बनाये इसमें बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण एधरती बचाओ एपानी बचाओ एसोलर सिस्टम एवाटरसाइकिल, ज्वालामुखी और विभिन्न प्रकार के बताया इसमें प्रोफेसर सुरेन्द्र चोहान व प्रोफेसर मितेश शर्मा व डॉ. विनय शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई व सरिता किरण का मॉडल मतदाता जागरूकता को प्रथम स्थान तथा बीएससी थर्ड की निशा के डाइजेस्टिव सिस्टम मॉडल को द्वितीय वह अमीषा बीए थर्ड की छात्रा द्वारा वायु प्रदूषण के मॉडलों को तीसरे स्थान पर रहे।

## नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने चलाया जागरूकता अभियान

# गांव कोंट के जलघर में कपड़े के थैले वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** गांव कोंट में लोगों को कपड़े के थैले वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पृथ्वी दिवस के अवसर पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था एवं जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को जिला के गांव कोंट में एक जागरूकता अभियान चलाया।

इस दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण प्रदूषण के बारे के भयंकर दुष्परिणामों से अवगत करवाया तथा प्लास्टिक को ना और कपड़े थैले को हाए का नारा अपनाने के साथ.साथ अधिक से अधिक पौधारोपण व उनका संरक्षण कर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने गांव कोंट के जलघर में कपड़े के थैले भी वितरित किए। इस मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के जेई पर्यावरण प्रेमी बिजेश जावला व नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने कहा कि पर्यावरण का बढ़ता प्रदूषण मनुष्य की ही देन है। मनुष्य ने अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की, जिसके चलते आज पर्यावरण का संतुलन पूरी तरह से बिगड़ चुका है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण से बचने के लिए किसानों को चाहिए कि वे अपनी फसल के अवशेष न जलाएए इससे पृथ्वी की ताकत तो कम होती ही है साथ में पर्यावरण प्रदूषित होता है और खेतों में पैदावार भी कम होती है। इसके अलावा जहां पेड़ नहीं है वहां अधिक से अधिक पौधारोपण करने चाहिए। जितने अधिक पेड़ होंगे उतने ही अधिक पृथ्वी के कटाव को रोका जा सकता है और बारिश के पानी को भू गर्भ में भेजा जा सकता है। इससे जल और पृथ्वी दोनों सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम जितने अधिक पौधें रोपित कर उनकी देखभाल करेंगेए उतना ही अपने आनी वाली पीढिय़ों के लिए भविष्य को सुरक्षित रख पाएंगे तथा उन्हे स्वच्छ हवा एवं वातावरण का उपहार दे पाएंगे। इस अवसर पर अशोक कुमार, विकास, सुमित कौशिक, सतपाल, अजय, अरूण, सोमबीर, शंकर शर्मा, संदीप, कुलदीप, कुलवीर श्याम, विपिन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### विकास और शिक्षा में सुधार के लिए ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति सहयोग के लिए साथ आई संस्थाएं

**भिवानी।** युवा अम्बेडकर समिति प्रेमनगर के सभी सदस्यों और बाल्मीकि समाज के एक दर्जन युवाओं ने गाँव के विकास के लिए ग्राम विकास एवं शिक्षा समिति प्रेमनगर के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर सहयोग करने का किया फैसला। समिति के प्रधान आजाद सिंह ढांडा पूर्व इंस्पेक्टर ने किया सभी का स्वागत और आभार। शाम चार बजे से शाम 7 बजे तक अम्बेडकर भवन में लम्बी चली बैठक। .बैठक में 50.52 युवाओं ने लिया भाग। पूर्व प्राचार्य एवं महासचिव रमेश बूरा ने प्रस्तुत की विकास योजनाएं। सभी ने ध्वनि मत से इस पर लगाई मोहर। सरपंच राजेश कुमार ने सभी मुद्दों और विकास कार्यों पर की विस्तृत चर्चा। .बैठक में संदीप रेलवे, नरेश, मनीष, हरिकिशन, गोविन्दा, मन्दीप, राजपाल, मास्टर आजाद रंगा ,मास्टर सुनील कुमार, राज पंच ,संदीप कुमार ने दिए बहुमूल्य

## खबर संक्षेप



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्रों ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**भिवानी।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस बड़े जोश व हषार्ेल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा सातवीं के छात्रों द्वारा की गई। जिसमें मुख्यरूप से स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्या कीर्ति आहूजा उपस्थित रहे।

### पृथ्वी को बचाने व हरा भरा रखने का आह्वान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा आठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने पृथ्वी को बचाने व हरा भरा रखने का सुंदर संदेश दिया।

### विद्यार्थियों ने नाटक से बताए पर्यावरण के खतरे

**भिवानी।** 22 अप्रैल को हर साल पृथ्वी दिवस यानी अर्थ डे मनाया जाता है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ पृथ्वी दिवस मनाया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसके माध्यम से छात्रों ने पर्यावरण को होने वाले खतरों से अवगत करवाया ।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा

**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी के प्रांगण में प्राचार्या डॉ अनीता शर्मा की अध्यक्षता में विश्व पृथ्वी दिवस पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । इस प्रार्थना सभा का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ । प्रार्थना सभा में नर्सरी से कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया ।

### सीजेएम ने की डीएलएस कार्य प्रणाली की समीक्षा

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण के सीजेएम.कम.सचिव कपिल राठी की अध्यक्षता में मध्यस्थता अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ताओं व विधिक स्वयं सेवकों की एडीआर सेंटर के सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी ने पूरे माह होने वाले कार्यों के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

## पृथ्वी दिवस पर जिलेभर के स्कूलों और संस्थाओं में कार्यक्रमों का आयोजन

# पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प दिलाया

- प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य
- स्वच्छ पर्यावरण व स्वस्थ भविष्य के लिए पर्यावरण का संरक्षण करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी




भिवानी। विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपित करते हुए तथा आयोजित कार्यक्रम में पौधे वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताने के उद्देश्य से सोमवार को हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी देखभाल की जिम्मेवारी उठाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता कुलदीप शर्मा व पुलिस पीआरओ अभिषेक पहुंचे तथा सान्निध्य मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास का रहा। यह जानकारी पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित हनुमान वाटिका में 11 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बालयोगी चरणदास ने कहा कि 22 अप्रैल 1970 से पर्यावरण,पृथ्वी एवं जीवन के संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करें, क्योंकि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक साधनों की जरूरत, एक पेड़, एक जानवर या फिर एक इंसान की होती है, वहीं पृथ्वी वह सब हमें प्रदान करती है। जबकि वक्त के साथ सभी जरूरी प्राकृतिक संसाधनों का निरंतर दोहन हो रहा हैए जिसके संरक्षण की आवश्यकता है। नहीं तो भविष्य में पृथ्वी पर मनुष्य का जीवित रह पाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण व स्वस्थ भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण करना बहुत जरूरी है। इस मौके पर अधिवक्ता कुलदीप शर्मा व पुलिस पीआरओ अभिषेक ने कहा कि पृथ्वी पर आक्सीजनए जलए भोजन और जीवन चक्र सुरक्षित रखने में वृक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों व छात्रों से अपने आसपास पेड़ जरूर लगाने का संदेश दिया। इस अवसर पर संजय शर्मा, सुनील चौहान, पंडित दयाराम, विपिन यादव, विजय सैन, विजय सिंहमार, कृष्ण सोनी, हरीश कोच, बलजीत, अनिल कोच, बलजीत, अशोक सहित अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### पृथ्वी दिवस पर पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने पक्षियों के लिए रखे पानी के सकोरे

**भिवानी।** पशु.पक्षी मूक प्राणी हैं। मौसम के अनुसार उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करना मानव जाति का कर्तव्य है। गर्मी के मौसम में पशु.पक्षियों के लिए दाना पानी सेवा सबसे उत्तम पुण्य का कार्य है, क्योंकि गर्मी में मानव हो या फिर पशु.पक्षी सभी को जल की तलाश रहती है। ऐसे में गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पक्षियों के प्रति अपने कर्तव्य निभाते हुए उनके लिए पानी के सकोरे रखने चाहिए। यह बात पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने पृथ्वी दिवस पर सोमवार को विभिन्न स्थानें पर गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए तो जगह.जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था की जाती हैए लेकिन पशु.पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ता है।

### जेसीआई भिवानी ने 22 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**भिवानी।** आज दिन.प्रतिदिन पर्यावरण प्रदूषण निरंतर बिगड़ता जा रहा है, जिसके चलते बहुत सी बीमारियां घर कर रही है और यह सब मनुष्य द्वारा अंधाधुंध पेड़ों की कटाई एवं प्राकृतिक संसाधनों के अत्याधिक दोहन से हुआ है। इसी के चलते पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के उद्देश्य से 22 अप्रैल 1970 से विश्व पृथ्वी दिवस की शुरूआत की गई थी। इसी कड़ी में पृथ्वी दिवस के अवसर पर सोमवार को जेसीआई भिवानी द्वारा स्थानीय हुडा पार्क में पौधारोपण कर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया गया। इस मौके पर जेसीआई भिवानी की महिला पदाधिकारियों द्वारा 22 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर जेसीआई भिवानी की प्रधान जस्टिस मोनिका गुप्ता ने कहा कि मनुष्य ने प्राकृतिक संसाधनों का इतना दोहन कर लिया है, जिससे पृथ्वी बर्बादी की कगार पर पहुंच चुकी है।

### नहीं संभले तो बेहतर जीवन देने के लिए दो पृथ्वी भी कम पड़ेंगी

**भिवानी।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुमित बैनीवाल ने कहा है कि पृथ्वी को बचाने के लिए पर्यावरण संबंधी चिंताओं के प्रति जागरूक रहना पर्याप्त नहींए बल्कि सक्रिय भागीदार बनना होगा। प्लास्टिक से लेकर प्रदूषण तक हर समस्या के पीछे व्यक्तिगत व्यवहार जिम्मेदार होता है। प्रत्येक नागरिक को इसके लिए सजगता बरतनी होगी। बीडीपीओ बैनीवाल सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण करने उपरांत बोल रहे थे। बीडीपीओ सुमित बैनीवाल ने कहा कि समय रहते नहीं संभले तो बेहतर जीवन देने के लिए दो पृथ्वी भी कम पड़ेंगी, धरती पेड़ पौधों का निवेश मांग रही है। उन्होंने कहा कि पेड़.पौधे जलवायु परिवर्तन के खिलाफ प्रथम पंक्ति के योद्धा हैं। ये वैश्विक उत्सर्जन के 33 फीसदी से ज्यादा हिस्से का अवशोषण करते हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें।




### जी लिट्रा वैली में भाषण व प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**भिवानी।** जी लिट्रा वैली विद्यालय में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। पृथ्वी दिवस का महत्व बताते हुए उसे प्रदूषण मुक्त रखने हेतु विद्यार्थियों ने भाषण कविता व प्रश्नोत्तरी द्वारा अपने विचारों की अभिव्यक्ति की। किंडरगार्डन में बच्चों ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से विभिन्न रूप धारण कर पृथ्वी दिवस का महत्व दर्शाया व अपने नन्हे.नन्हे हाथों से पौधे लगाए। कक्षा दूसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस की थीम प्लेनेट वर्सिस प्लास्टिक पर आधारित नारों, चित्रों व कविताओं द्वारा पृथ्वी दिवस बचाने का संदेश दिया। प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने सभी को पृथ्वी दिवस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

### त्रिवेणी बाबा ने विद्यार्थियों को बताया पृथ्वी दिवस और पर्यावरण संरक्षण का महत्व

**भिवानी।** लोगों का ध्यान बढ़ते पर्यावण प्रदूषण की तरफ केंद्रित करने व उन्हे इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को पृथ्वी दिवस का महत्व समझते हुए जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करना चाहिए। यह बात त्रिवेणी बाबा ने पृथ्वी दिवस पर जिला के गांव सुई स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में त्रिवेणी रोपित करने उपरांत विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस का महत्व बताते हुए कही। उनहोंने कहा कि विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ जरूर पढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि आज के विद्यार्थी कल का भविष्य है तथा हमारा भविष्य पेड़ विहीन ना हो, ऐसे में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना बहुत जरूरी है। त्रिवेणी बबा ने कहा कि विद्यालय को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने के लिए हमें कचरा इधर.उधर नहीं फेंकना चाहिए। विद्यालय की दीवारों को गंदा नहीं करना चाहिए।



### एसईडी में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**भिवानी।** ढ़ाणी शंकर स्थित एसईडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस जिसमें भाषण, कविता, स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से बच्चों द्वारा धरती माँ के महत्व को बताया गया और उसके स्वस्थ रखने की शपथ ली गई। इस अवसर पर कक्षा छठी की निशुए दिव्याए दिविकाए वंशिकाए शगुन पोस्टर ए दिक्षा ने भाषण में भाग लिया। कक्षा सातवीं से तन्नूए हिमांशु, हर्ष वर्धन ने पोस्टरए कृष ने कविता व प्रगति ने भाषण में भाग लिया। कक्षा आठवीं से साक्षीए पूजा ने भाषण व पलक व प्रियांशू ने कविता में भाग लिया। कक्षा पांचवी से दीपांशु, मंयक, वाणी, जानवी, जया, छवि, मुस्कान व कक्षा चौथी से आराध्या, आईशा, सभा, प्रिंस आदि ने भाग लिया।

### आदर्श स्कूल में पृथ्वी दिवस पर बच्चों को बताया पर्यावरण का महत्व

**चरखी दादरी।** कस्बा बौंद कलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें स्लोगनए पेंटिंगए पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने पृथ्वी दिवस से संबंधित शानदार कविताओं की पेशकश दी। विद्यालय के निदेशक प्रताप सिंह यादव ने कहा कि यह दिवस पृथ्वी पर रहने वाले जीव.जंतुओंए पेड़.पौधों को बचाने और दुनिया भर में पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से पृथ्वी दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लोगों तथा स्वयं को जागरुक करने का संकल्प लिया। एनसीसी इंचार्ज सेकेंड ऑफिसर कंवर सिंह यादव ने बच्चों के साथ पौधा रोपण किया। विद्यालय प्रधानाचार्य कृष्णदत्त यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि पृथ्वी को हरा.भरा, प्रदूषण मुक्त व सुरक्षित बनाए रखने के लिए हम सब को मिलकर पौधा रोपण करना चाहिए। आज के दिन संकल्प


चरखी दादरी। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी स्टाफ सदस्यों के साथ।

### स्वस्थ व खुशहाल जीवन के लिए प्रकृति के साथ जुड़ना जरूरी : पालीवाल

**तोशाम।** गांव कैरु स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एसएन पालीवाल ने अर्थ.डे के उपलक्ष्य में प्रार्थना सभागार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ व खुशहाल जीवन के लिए प्रकृति के साथ जुडना जरूरी है। उनका कहना था कि देश के नागरिक और धरती वासी होने के नाते हमारी यह जिम्मेदारी है कि इस धरती को स्वच्छए सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाएं। एक तरफ जमीन के अंदर से पानी निकालकर हम अपना भविष्य खतरे में डाल रखे हैं वहीं दूसरी तरफ पेड़ों की लगातार कटाई के कारण धरती गर्म होती जा रही है। ऐसे में पर्यावरण को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बहल।** बीआरसीएम ज्ञानकुंज की एनएसएस इकाई व सामाजिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया व अपने जन्म दिवस पर एक एक पौधा रोपित करने का संकल्प लिया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण कविता पाठ स्लोगन लेखन पोस्टर मेकिंगए प्रश्नोत्तरीए लघु नाटिका सहित अन्य कार्यक्रमों में बढचढ कर भाग लिया। स्वयंसेविका हिमांशु सांगवान ने 54 वें पृथ्वी दिवस की थीम फ्लैनेट बनाम प्लास्टिक पर अपने विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

## विश्व पर्यावरण पृथ्वी दिवस


भिवानी। कार्यक्रम में हरियाली बढाने का संदेश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### केएम पब्लिक स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यालय में इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ.साथ पर्यावरण की बढ़ती समस्याओं पर जोर देना है,जिसमें अधिक जनसंख्या, जैव विविधता को नुकसान, ओजोन परत को नुकसान तथा बढ़ता प्रदूषण जैसी समस्याएँ शामिल हैं। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई ,जिसमें सुभाष चंद्र बोस सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रा एकता व वन्या ने हिंदी तथा चिंकिता ने अंग्रेजी भाषण द्वारा पृथ्वी दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए।


भिवानी। एकत्रित बच्चों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आदर्श रिहैबिलिटेशन सेंटर व पुनर्वास स्कूल में कार्यक्रम

**भिवानी।** आदर्श रिहैबिलिटेशन सेंटर व पुनर्वास स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने बताया कि पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को दुनिया भर में मनाया जाता है इसे मानने की शुरुआत 1970 से हुई थी, 1970 के आसपास अमेरिका समेत कई देशों ने बिगड़ते पर्यावरण के मध्य की गंभीरता को समझा और पृथ्वी बचाने के लिए एक अभियान की शुरुआत हुई पिछले कुछ सालों में इस दिन की लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ है और लगातार पेड़ों के काटने जाने से जंगलों का कम होना बढ़ता वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और बढ़ती हुई ग्लोबिन वार्मिंगसभी देशों के लिए बड़ी समस्या बन गई है।


बवानीखेड़ा। मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में पृथ्वी दिवस पर एक विशेष सभा में संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### तनिशा ने जीना है तो मुझे बचा लो से बांधा समां

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में पृथ्वी दिवस पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। बारहवीं कक्षा की छात्रा तन्नू ने इस सभा की रूपरेखा तैयार की। तनिशा ने जीना है तो मुझे बचा लो, इशांत ने आई शैल प्रोटेक्ट दा अर्थ कविता सुनाई तो वहीं साहिल और पलक ने पृथ्वी की सुरक्षा एवम पेड़ बचाओ विषयों पर भाषण दिया। स्कूल के सामाजिक विज्ञान के अध्यापक देवदत ने प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव को बच्चों के सामने रखा और बताया कि कैसे प्लास्टिक हमारे जीवन के लिए और पर्यावरण के लिए हानिकारक है।



### पर्यावरण व अध्यात्म का गहरा संबंध : वसुधा

**भिवानी।** पर्यावरण वअध्यात्म का गहरा संबंध है सवेरे जागते ही धरती मां को नमन करने की संस्कृति भारतीय है संपूर्ण मानव का अस्तित्व केवल प्रकृति पर निर्भर है यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए । पृथ्वी दिवस पर सेवाकेंद्र में वृक्षारोपण के साथ कविताए पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पेंटिंग में कुमारी नव्या ने प्रथम शिवम व रश्मि ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया । निधि, विधि, केशव जतिन ने कविता में तथा आरती,जया, प्रोमिला आदि ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### बेजुबान पक्षियों के लिए रखे सकोरे

**चरखी दादरी।** आर्यन कोचिंग सेंटर परिसर में पृथ्वी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संचालक मास्टर रविंद्र सांगवान द्वारा की गई। उनकी अगुवाई में नो प्लास्टिक थीम पर आधारित स्लोगन भी छात्राओं द्वारा लिखते हुए सभी से इस दिशा में आगे आकर सामूहिक प्रयास करने का आहवान किया गया। इसके साथ ही बढती गर्मी को देखते हुए सभी ने सकोरों को स्थापित किया व आसपास में इनका वितरण किया ताकि बेजुबान पक्षियों को उनके आवासों के निकट ही दाना पानी सहज उपलब्ध हो सके। मास्टर रविंद्र सांगवान ने बताया कि पॉलीथिन तथा थमाऱ्ेकोल से निर्मित बैग, कप, प्लेट, ग्लास आदि से गंदगी व प्रदूषण फैलता है। हम प्लास्टिक के युग में जीवनयापन कर रहे हैं। हर कोई पॉलीथिन के दुष्प्रभावों से अनजान हो रहा है

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008



## अधिकारियों को दिखाया गलियों में गंदा पानी

# जनता दरबार में पार्षद ने कराया असलियत से रूबरू

- वार्ड 17 और 18 के लोगों की सुनी समस्याएं
- वार्ड 17 के लिए लोहारू रोड़ पर शिव मंदिर में और वार्ड 18 के लिए जीतूवाला जोहड़ के नजदीक विकास धर्मशाला में लगाया जनता दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी नरेश नरवाल के आदेशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को वार्ड 17 के लिए लोहारू रोड़ पर शिव मंदिर और 18 के लिए जीतूवाला जोहड़ के नजदीक विकास धर्मशाला में जनता दरबार लगाया। वार्ड 17 के लोगों ने यहां सीवरेज लाईन की सफाई करवाकर खुलवाने तथा वार्ड 18 के नागरिकों ने अधिकारियों के समक्ष पर्याप्त पेयजल के लिए नया बुस्टर स्थापित करवाने की मांग रखी। नागरिकों ने अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी नहीं मिल रहा है, इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के कार्यकारी अभियंता सुनील रंगा, एसडीओ सतीशचंद्र और सूर्यप्रकाश जैन, जेई आशीष, कुणाल श्योराण, पंकज शर्मा व महेंद्र स्वामी ने नागरिकों की पेयजल व सीवरेज संबंधित समस्याएं सुनी। अधिकारियों ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि लोगों को पेयजल से महरूम नहीं होने दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम के चलते डीसी नरवाल द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शहर में नागरिकों के समक्ष पेयजल की समस्या नहीं बननी चाहिए। डीसी नरवाल के निर्देशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को वार्ड 17 के लिए लोहारू रोड़ पर शिव मंदिर और 18 के लिए जीतूवाला जोहड़ के नजदीक विकास धर्मशाला में जनता दरबार लगाया। वार्ड 17 के लोगों ने अधिकारियों से कहा कि उनके क्षेत्र में सीवरेज लाईन हमेशा ब्लॉक रहती हैए जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर अधिकारियों ने कहा कि सीवरेज लाईनों की जल्द सफाई करवा दी जाएगी।




भिवानी। आयोजित खुले दरबार में अधिकारियों के समक्ष सीवर की समस्या रखता पार्षद तथा वार्ड संख्या 17 में जमा गंदा पानी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू
12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET
S.S.C.
अग्निवीर
C.E.T.
रेलवे
N.D.A.
अनुभवी अध्यापक
नोटस पैकेज
शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973